प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

शपथ

प्रदेश में उप चुनाव के माध्यम से 14वीं विधान सभा के लिए नव निर्वाचित सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आज शपथ दिलाएँगे। शपथ समारोह सुबह 11 बजे विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के 4 जिसमें लाहौल स्पिति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा और गगरेट से राकेश कालिया शामिल हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के 2 सदस्य धर्मशाला से सुधीर शर्मा, और बड़सर निर्वाचन क्षेत्र से इन्द्र दत्त लखनपाल, निर्वाचित शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के विधायक भी इस समारोह में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तकनीकी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया है। शिमला में कल तकनीकी शिक्षा की समीक्षा बैठक में उन्होंने विभाग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निजी संस्थानों के विनियमन व निगरानी के लिए तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक प्रशिक्षुता नीति तैयार करने पर विचार कर रही है, जिसके तहत छात्रों को विभिन्न सरकारी विभागों में एक वर्षीय प्रशिक्षुता पाठ्यक्रम प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों में आवश्यक कौशल व उपलब्ध प्रशिक्षित श्रमशक्ति की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय प्रकोष्ठ की स्थापना की जाएगी।

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा विधायक दल की बैठक कल सांय नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर मंथन किया गया। इस दौरान दो प्रस्ताव पारित हुए। भाजपा विधायक दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और जगत प्रकाश नड्डा को कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। इसके अलावा भाजपा विधायक दल ने लोकसभा चुनाव में चारों सीट जीताने के लिए प्रदेश की जनता का धन्यवाद जताया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी हिस्सा लिया।

इस बीच तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के सिलसिले में प्रदेश भाजपा ने आज शिमला में कोर कमेटी की बैठक बुलाई है। दूसरी तरफ कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी आज शिमला में होगी। बैठक में उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा होगी।

नियुक्ति

सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को अगला थल सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह इस महीने की 30 तारीख को कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 30 जून को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। 1 जुलाई, 1964 को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू–कश्मीर राइफल्स) में शामिल हुए थे। लगभग 40 वर्षों की लंबी और विशिष्टसेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है। सेना के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी 2022 से 2024 तक इन्फैंट्री के महानिदेशक और जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (मुख्यालय, उत्तरी कमान) सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ प्रशस्ति कार्ड से भी अलंकृत किया गया है।

मौसम

प्रदेश के मैदानी समेत कई जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और पारा 40 डिग्री के पास रिकार्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज व कल प्रदेश के 6 ज़िलों हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक सुरेन्द्र पॉल ने सुरेन्द्र पॉल ने इस दौरान लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 17 जून से प्री–मॉनसून की वर्षा होने की संभावना है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकेगी।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

विधानसभा उपचुनाव पर अमर उजाला की सुर्खी है–होशियार, आशीष और केएल को भाजपा से टिकट देने का समर्थन–कांग्रेस तीन–तीन प्रत्याशियों का भेजेगी पैनल। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–निर्दलीयों को मिलेगा भाजपा टिकट–सुजानपुर फॉर्मुले पर कांग्रेस का मंथन।

पंजाब केसरी ने खबर दी है–महिलाओं को 1500 की सम्मान राशि की पहली किश्त के लिए 23 करोड़ जारी, हमीरपुर, सोलन और कांगड़ा में सम्मान राशि देने पर रहेगी रोक, फार्म भी नहीं भर पाएंगे। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–महिलाओं को 1500 रूपये की तैयारी, 23 करोड़ जारी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–कॉलेजों में अब दो बार एडमिशन और दो बार होंगे फाइनल एग्जाम।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–डेढ़ साल में बनेगा सुखाश्रय परिसर। इसी समाचार पत्र के अनुसार–देश के सबसे उंचे दिल्ली–लेह मार्ग पर दौड़ने लगी एचआरटीसी की बस।

दैनिक सेवरा टाइम्स की एक खबर है–हिमाचल मंत्रिमंडलीय उपसमितति ने पोस्ट कोड 903 और 939 के परिणाम घोषित करने की सिफारिश की।

दैनिक जागरण लिखता है–मेडिकल कालेज टांडा में रैगिंग –चार प्रशिक्षु डाक्टर निष्कासित।